सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
फेसबुक पेज लिंक
https://www.facebook.com/sabgurunews/
वेबसाइट लिंक
https://www.sabguru.com/
यूट्यूब चैनल लिंक
https://www.youtube.com/channel/UCCcLf90UP-prqTinNwqUXZg/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-under-standing-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

R.N.I. No. RAJBIL/2023/88629

खबरों के लिए स्कैन करें

वर्ष 2 | अंक 14 | अजमेर, शुक्रवार 10 जनवरी 2025 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर पीतांबरी धारण करेंगे रामलला

अयोध्या। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में विराजमान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारियों चरम पर हैं। 11 जनवरी से शुरू होने जा रहे समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कार्यक्रम का आगाज और रामलला का अभिषेक करेंगे। रामलला को प्रतिष्ठा द्वादशी के प्रथम दिन पीतांबरी पहनाई जाएगी। यह दिल्ली में तैयार की जा रही है। इसकी बुनाई व कढ़ाई सोने.-चांदी के तारों से की जा रही है। यह 10 को अयोध्या पहुंच जाएगी जिसे 11 को धारण कर रामलला दर्शन देंगे। महोत्सव 11 से 13 जनवरी तक चलेगा लेकिन 11 जनवरी का दिन खासा महत्वपूर्ण है। समारोह का शुभारंभ रामलला के अभिषेक से होगा। सुबह 10 बजे से रामलला के पूजन व अभिषेक का सिलसिला शुरू होगा। प्राण प्रतिष्ठा



समारोह में जिस विधिविधान से रामलला का अभिषेक किया गया था उसी तर्ज पर प्रतिष्ठा द्वादशी पर भी रामलला का अभिषेक पंचामृत सरयू जल आदि से किया जाएगा। अभिषेक पूजन के बाद ठीक 12.20 बजे रामलला की महाआरती होगी।श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अनुसार करीब 110 वीआईपी भी इसमें शामिल होंगे। वहीं अंगद टीला स्थल पर भी एक जर्मन हैंगर टेंट लगाया गया हैए जिसमें 5000 लोगों तक की मेजबानी की जा सकती है। आम लोगों को भव्य कार्यक्रमों को देखने का अवसर मिलेगा जिसमें मंडप और यज्ञशाला में प्रतिदिन आयोजित होने वाले शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रदर्शन अनुष्ठान और राम कथा प्रवचन शामिल हैं।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहा कि ट्रस्ट ने आम लोगों को आमंत्रित करने का फैसला किया है जो पिछले साल अभिषेक समारोह में शामिल नहीं हो सके थे। उन्हें अंगद टीला में तीनों दिनों के कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी। मंदिर ट्रस्ट के अनुसार यज्ञ स्थल पर सजावट और उत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। मंडप और यज्ञशाला इन उत्सवों के प्रमुख स्थल होंगे। आम लोगों के लिए राम मंदिर समारोह का हिस्सा बनने का यह दुर्लभ अवसर है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को मंदिर में रामलला का अभिषेक करेंगे। ट्रस्ट ने पहले ही देश भर के संतों और भक्तों को निमंत्रण भेजा है।

## दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए 5 फरवरी को मतदान परिणाम 8 को

नई दिल्ली। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर एक ही चरण में पांच फरवरी को मतदान होगा और परिणाम आठ फरवरी को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा कि यहां एक चरण में सभी 70 सीटों पर पाँच फ़रवरी को मतदान होगा जबकि मतगणना आठ फ़रवरी को होगी।



कुमार ने कहा कि दिल्ली में एक करोड़ 55 लाख कुल मतदाता हैं जिनमें 83 लाख से ज्यादा पुरुष और 71 लाख से अधिक महिला मतदाता है। कुल 13 हजार 33 पोलिंग बूथ हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम से किसी तरह के छेड़छाड़ को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि ईवीएम में अवैध वोट डालने की संभावना नहीं है। ईवीएम फुलप्रूफ डिवाइस है। इसे मतदान के बाद सील कर दिया जाता है। ईवीएम किसी भी तरह से हैक नहीं हो सकता है और यह चुनाव का सबसे सुरक्षित तरीका है। मतों की गिनती से पहले हर ईवीएम की सील चेक होती है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की कल अंतिम मतदाता सूची जारी की गई जिसमें कुल एक करोड़ 55 लाख 24 हज़ार 858 मतदाता है। इनमें कुल 83 लाख 49 हज़ार 645 पुरुष और 71 लाख 73 हज़ार 952 महिला मतदाता शामिल हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 1261 है।

मतदाता पहचान पत्र पाने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के मामले में 24 लोगों के खिलाफ आठ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नए मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ग़ौरतलब है कि 2020 के चुनाव में आम आदमी पार्टी को 62 सीटें और भाजपा को आठ सीटें मिली थी। वहीं कांग्रेस पार्टी अपना खाता खोलने में भी नाकाम रही थी।

## राष्ट्रपति भवन 21 से 29 जनवरी तक आम लोगों के लिए रहेगा बंद


नई दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड और बीटिंग रिट्रीट समारोह के कारण 21 से 29 जनवरी तक राष्ट्रपति भवन में आम लोगों का प्रवेश बंद रहेगा।

राष्ट्रपति सचिवालय ने गुरुवार को यहां बताया कि यह निर्णय सुरक्षा कारणों से लिया गया है। इस अवधि के दौरान लोग राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान नहीं देख सकेंगे। सचिवालय ने बताया कि गणतंत्र दिवस परेड के पूर्वाभ्यास के कारण राष्ट्रपति भवन में 11 18 और 25 जनवरी को गार्ड परिवर्तन समारोह भी नहीं होगा।

## प्रयागराज में अभेद सुरक्षा कवच में रहेगा महाकुम्भ नगर

महाकुंभ नगर। देश दुनिया के लिए दिव्य आकर्षण का केंद्र बनने जा रहा महाकुंभ मेला अवेद्य सुरक्षा कवच में रहेगा। दिव्य और भव्य महाकुम्भ को पूरी तरह सुरक्षित बनाने के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। 2700 से ज्यादा एआई सीसीटीवी महाकुम्भ नगर में लगाए गए हैं। वह सीधे संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे और उसकी रिपोर्ट कंट्रोल रूम को देंगे।

मेले के दौरान 37000 पुलिसकर्मी और 14000 होमगार्ड तैनात किए गए हैं। इसके साथ ही एनएसजी एटीएस, एसटीएफ और अन्य सुरक्षा एजेंसियां भी चौकसी बरत रही हैं। सीसीटीवी और खुफिया एजेंसियों की निगरानी में हर कोना सुरक्षित है। यहां तक कि मेले में परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। अधिकृत सूत्रो ने गुरुवार को बताया कि पूरे मेला क्षेत्र में अब तक 123 वॉच टावर बनाए गए हैं जहां स्नाइपर एनएसजीए एटीएस और सिविल पुलिस के जवान



तैनात हैं। वॉच टावरों को इस तरह डिज़ाइन किया गया है कि इनसे दूरबीन की मदद से पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा सके।हर वॉच टावर पर अत्याधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। सभी वॉच टावरों को ऊंचाई और रणनीतिक स्थानों पर स्थापित किया गया है ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। पुलिस के साथ जल पुलिस और फायर ब्रिगेड भी पूरी तरह मुस्तैद हैं। महाकुंभ मेले के डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि महाकुंभ में देश.विदेश से करीब 45 करोड़ श्रद्धाल, स्नानार्थी, कल्पवासी और पर्यटक आने की संभावना है। ऐसे में उनकी सुरक्षा के लिए चप्पे.चप्पे पर सख्त निगरानी रखी जा रही है। मेले के सभी जोन और सेक्टर में अलग.अलग स्थानों पर वॉच टावर बनाए गए हैं।

प्रवेश के सात मुख्य मार्गों पर भी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। अखाड़ा क्षेत्र, बड़े हनुमान मंदिर, परेड मैदान, वीआईपी घाट, अरैल, झूसी, और सलोरी जैसे संवेदनशील स्थानों पर विशेष वॉच टावर बनाए गए हैं। यहां तैनात जवान आधुनिक हथियारों और उपकरणों से लैस हैं। 2750 आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सीसीटीवी कैमरे और 80 वीएमडी स्क्रीन मेले की हर गतिविधि पर नजर रख रहे हैं। तीन जल पुलिस स्टेशन और 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम तैनात किए गए हैं। 50 फायर स्टेशन और 20 फायर पोस्ट बनाए गए हैं। 4300 फायर हाइड्रेंट किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को अजमेर एवं ब्यावर का जिम्मा

## राजस्थान सरकार ने नियुक्त किए जिलों के प्रभारी मंत्री

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर विभिन्न जिलों के प्रभारी मंत्री नियुक्त किए हैं।आदेश के अनुसार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को अजमेर एवं ब्यावर तथा उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा भीलवाड़ा एवं राजसमन्द का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया हैं। इसी तरह कृषि मंत्री डा किरोड़ी लाल मीणा को अलवर एवं खैरथल, तिजारा चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह को बीकानेर एवं जैसलमेर उद्याग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को दौसा शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को जोधपुर एवं फ्लौदी जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को नागौर एवं डीडवाना.कुचामन संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल को जयपुर का प्रभारी बनाया गया है।जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को भरतपुर एवं डीग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत को चूरू एवं झुन्झुनूं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा को श्रीगंगानगर एवं हनुमानगढ, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत को बाड़मेर एवं बालोतरा, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी को बांसवाडा एवं डूंगरपुर तथा राजस्व मंत्री हेमन्त मीणा को उदयपुर एवं सलुम्बर का प्रभारी मंत्री नियुक्त किया गया है।इनके अलवा वन राज्य मन्त्री संजय शर्मा को सीकर सहाकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार को कोटा एवं सवाईमाधोपुर, स्वायत शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा को पाली ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर को टोंक एवं बूंदी ग्रामीण विकास राज्य मंत्री ओटा राम देवासी को झालावाड़ एवं बारांए सार्वजनिक निर्माण राज्य मंत्री मंजू बाघमार को प्रतापगढ़ एवं चित्तौड़गढ़, राजस्व राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी को कोटपूतली.बहरोड़, उद्योग राजय मंत्री केके विश्नोई को सिरोही एवं जालोर एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को करौली एवं धौलपुर जिले का प्रभारी मंत्री रहेंगे।

## राज्य सरकार के निर्णयों से जनता में आक्रोश - सचिन पायलट

जयपुर। राजस्थान में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने राज्य सरकार के एक वर्ष के निर्णयों की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे जनता में आक्रोश है और हम सरकार से सदन में इसका जवाब मांगेंगे। पायलट ने गुरुवार को अपने आवास पर पत्रकारों से कहा कि राज्य सरकार को एक वर्ष हो गया। इस अवधि में जो निर्णय सरकार ने लिए उनसे जनता में आक्रोश है। पिछली बार जो जिले बने राज्य सरकार ने उन जिलों को निरस्त कर दिया है। उससे भी जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि हम सरकार से सदन के अन्दर इन सभी मुद्दों पर जवाब मांगेगे। जनता के मुद्दों को हम मजबूती से उठाएंगे। पायलट ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह भ्रमित है। राज्य सरकार के मंत्री बोलते हैं कि भर्ती रद्द कराएंगे। सरकार बोलती है कि रद्द नहीं कर सकते। सरकार के अन्दर जो गतिरोध है उसका परिणाम जनता को भुगतना पड़ रहा है। इस सम्बन्ध में एक स्पष्ट नीति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कितने महीने हो गए इसको लटकाते हुए। चाहे उपनिरीक्षकों की भर्ती की बात हो या अन्य परीक्षाओं की उसमें अनिश्चिता और अनिर्णय की जो स्थिति है उससे जनता में भ्रम पैदा होता है। पायलट ने कहा कि राज्य सरकार में बहुत सारे शक्ति केंद्र बन चुके हैं। मंत्री कुछ बोलता है सरकार कुछ बोलती है और इनके बीच में जनता पिस रही हैं। रा'य सरकार को अपनी नीति स्पष्ट करनी चाहिए।

सम्पादकीय

# राहुल गांधी तय करेंगे कौन बनेगा दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री ?

चुनाव आयोग ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को बतौर सीईसी अपनी आखिरी प्रेस कांफ्रेंस में दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान करने के साथ ही अपने ऊपर लगाए जा रहे तमाम आरोपों का भी एक.एक करके जवाब देने की कोशिश की।दिल्ली में इस बार मतदाताओं की संख्या एक करोड़ 55 लाख 24 हजार 858 है जिसमें से महिला मतदाताओं की संख्या 71 लाख 73 हजार 952 है। जाहिर तौर पर देश के कई अन्य राज्यों की तरह दिल्ली में भी महिला मतदाता चुनावी जीत.हार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहे हैं।

हालांकि इस बार दिल्ली की चुनावी लड़ाई बहुत ज्यादा दिलचस्प होने जा रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को होने जा रहे मतदान में मुख्य मुकाबला अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी के बीच में होने जा रहा है। अरविंद केजरीवाल के लिए इस बार का विधानसभा चुनाव उनके अस्तित्व के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक चुनाव होने जा रहा है। दिल्ली के मुकाबले कहीं ज्यादा बड़े और महत्वपूर्ण राज्य. पंजाब में सरकार होने के बावजूद देश की राजधानी दिल्ली का केजरीवाल के लिए अपना महत्व है। अगर केजरीवाल दिल्ली का यह विधानसभा चुनाव जीत नहीं पाते हैं तो आम आदमी पार्टी पर उनकी पकड़ कमजोर हो जाएगी और साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन में भी उनका दबदबा कमजोर होता चला जाएगा। घोटाले के आरोप में जेल तक की यात्रा करने वाले अरविंद केजरीवाल यह बखूबी जानते और समझते हैं कि दिल्ली की हार एक बार फिर से उन्हें राजनीतिक रूप से अछूत बना देगी। क्योंकि विपक्षी गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान भले ही मजबूरी में कई राज्यों में आप के साथ गठबंधन किया था लेकिन सच्चाई तो यही है कि सोनिया गांधी इस देश की राजनीति में नीतीश कुमार और अरविंद केजरीवाल पर कतई भरोसा नहीं करती है। इस बार के दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और गांधी परिवार की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण हो गई है। वर्ष 2020 में दिल्ली में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में भले ही कांग्रेस को सिर्फ 4०26 प्रतिशत मत मिला था और वह एक भी सीट नहीं जीत पाई थी लेकिन इस बार कांग्रेस ने पूरी ताकत के साथ दिल्ली में विधानसभा चुनाव लड़ने का संकेत दिया है। कांग्रेस आलाकमान ने नई दिल्ली विधानसभा सीट से आप के मुखिया अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतार कर अपने इरादे साफकर दिए हैं।

कांग्रेस के वोट बैंक को छीनकर ही आम आदमी पार्टी दिल्ली में मजबूत हुई है और अब अगर कांग्रेस अपने उस छीने हुए वोट बैंक के छोटे से हिस्से को भी वापस लेने में कामयाब हो जाती है तो फिर केजरीवाल सहित आप के सभी उम्मीदवारों के लिए दिक्कतें खड़ी हो जाएगी। वर्ष 2020 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में 53.57 प्रतिशत मत के साथ आप को 62 सीटें मिली थी जबकि 38.51 प्रतिशत मत पाने के बाद भी भाजपा के खाते में सिर्फ8 सीटें ही आ पाई थी। आप और भाजपा के बीच 15.06 प्रतिशत का अंतर था। अगर कांग्रेस इस बार के विधानसभा चुनाव में अपने मत प्रतिशत में 8.10 प्रतिशत का भी इजाफा कर पाती है तो फिर दिल्ली में त्रिशंकु विधानसभा बन सकती है यानी आम आदमी पार्टी को सत्ता से बाहर होना पड़ सकता है।

दिल्ली के चुनावी समीकरण से यह बिल्कुल साफहोता नजर आ रहा है कि आप और भाजपा के मुकाबले में सबसे कमजोर नजर आ रही कांग्रेस के आलाकमान यानी गांधी परिवार ने अगर पूरी ताकत के साथ दिल्ली में विधानसभा का चुनाव लड़ा तो फिर राहुल गांधी ही यह तय करेंगे कि दिल्ली में अगली सरकार किसकी बनेगी। वास्तव में दिल्ली का यह चुनाव राहुल गांधी के लिए फैसला करने वाला चुनाव होगा कि वह वाकई अपनी पार्टी कांग्रेस को मजबूत करना चाहते हैं या फिर दिल्ली में इंडिया गठबंधन की एकता के नाम पर अपनी पार्टी को कुर्बान कर देते हैं।

# भीलवाड़ा से 10 जनवरी को महाकुंभ जाएगी देवनारायण रथ यात्रा

जयपुर/भीलवाड़ा। राजस्थान के भीलवाड़ा से भगवान देवनारायण रथ यात्रा दस जनवरी को महाकुंभ प्रयागराज के लिए रवाना होगी जो 13 जनवरी से 26 फरवरी तक महाकुंभ में रहेगी।मालासेरी डूंगरी देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल ने बुधवार को जयपुर के पिंकसिटी प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि भगवान देवनारायण की बालस्वरुप मूर्ति के साथ रथ यात्रा दस जनवरी को सुबह आठ बजे महाआरती एवं अनुष्ठान के बाद गाजे बाजे के साथ रवाना होगी।उन्होंने बताया कि उत्तरप्रदेश सरकार ने महाकुंभ में रथ यात्रा के लिए देवनारायण जन्मस्थली मालासेरी डूंगरी विकास समिति के लिए जगह आवंटित की हैं जहां नियमित रुप से महाकुंभ के दौरान पांचों ही मुख्य स्नान पूर्ण होने तक नित्य हवनए पूजन आरती सेवा नियमित होती रहेगी। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा के साथ पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए वहां रहनेए भोजन आदि सभी व्यववस्थाएं की गई हैं।

उन्होंने बताया कि रथ यात्रा रवाना होने के बाद राजस्थान में दस स्थानों पर ठहराव करते हुए चलेगी। इसी तरह मध्यप्रदेश में तीन स्थानों तथा पांच स्थानों पर उत्तर प्रदेश में रुकेगी जहां देवनारायण रथ के दर्शन एवं साथ चल रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि रथ यात्रा रवाना होने के बाद राजस्थान के सीताबाड़ी में रात्रि विश्राम किया जाएगा। देवनारायण रथ यात्रा के प्रयागराज पहुंचने पर देवभक्तों द्वारा विशेष स्वागत किया जाएगा।

# एसओजी ने किया आईओसीएल की पाइपलाइन से तेल चोरी का भंडाफोड़

## खेत की जमीन में बने टैंकों में मिला चोरी किए तेल का जखीरा





अलवर। राजस्थान में कोटपूतली.बहरोड़ जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग .48 पर बेलनी मार्ग के पास भारतीय तेल निगम लिमिटेड ;आईओसीएल की पाइपलाइन से चोरी के मामले में बुधवार को विशेष ऑपरेशन समूह ;एसओजी और शाहजहांपुर पुलिस ने चोरी के तेल के भंडार का पता लगाया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि संयुक्त दल को टोल प्लाजा से करीब दो किलोमीटर दूर नीमराना के जनक सिंह पुरा गांव के पास एक भूखंड में कच्चे तेल का भंडार मिला है। जहां जमीन के अंदर चोरी के तेल का भंडारण किया करके वॉल्व लगाकर उसकी आपूर्ति की जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने पूरे क्षेत्र को सील कर दिया है। यहां खुदाई करके पूरी जानकारी जुटाई जाएगी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बेलनी मार्ग पर शाहजहांपुर निवासी कैलाश चंद के खेत को कुछ लोगों ने किराये पर ले रखा था। इसके बाद यहां चार दीवारी बनाकर आईओसीएल की लाइन से तेल की चोरी की जा रही थी जिस पर पुलिस ने मंगलवार को छापा मारा।इसके बाद मौके से दो किलोमीटर दूर एक गोदाम को खोजा गया है। जहां वॉल्ब लगाकर तेल की आपूर्ति की जा रही थी। इसके बाद पुलिस ने पूरे भूखंड को सील कर दिया है। भूखंड की तलाशी ली जा रही है। आईओसीएल के दल ने मौके पर मशीन मंगवाई हैए जिससे तेल तलाश किया जा रहा है। जयपुर एसओजी के पुलिस उपाधीक्षक शिव कुमार भारद्वाज ने बुधवार को बताया. बेलनी मार्ग पर शाहजहांपुर निवासी कैलाश चंद का खेत है। इस खेत की जमीन में से आईओसीएल के कच्चे तेल की पाइपलाइन जा रही है जो गुजरात से हरियाणा जाती है। कबाड़ रखने के नाम पर खेत को अगस्त 2024 में 15 हजार रुपए महीने के हिसाब से हिसार ;हरियाणा निवासी अर्जुन राम गोस्वामी के नाम से किराए पर लिया गया था। इसके बाद आरोपियों ने ही खेत के एक हिस्से में चार दीवारी करवाई और दो कमरों का निर्माण करवाया।

उन्होंने बताया कि 26 दिसम्बर को पाइपलाइन में तेल आपूर्ति के दौरान दबाव कम हो गया। इस पर कंपनी के अधिकारियों को तेल चोरी का संदेह हुआ। कंपनी अधिकारियों ने अपने स्तर पर जांच की तो शाहजहांपुर के इस खेत के भूखंड से वॉल्व लगाकर ऑयल चोरी करने का मामला सामने आयाए तब दबिश दी गई। इस दौरान दबिश की खबर मिलते ही आरोपी मौके से भाग निकले।भारद्वाज ने बताया दबिश के दौरान खेत में निर्मित दो कमरों में से एक कमरे में करीब आठ फीट गहरा और चार फुट चौड़ा गड्ढा मिला। गड्ढे को सीमेंट के ब्लॉक से पक्का किया हुआ था। गड्ढे में बिजली और सीसीटीवी कैमरे भी लगे मिले। तेल माफिया सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। उन्होंने कहा कि संभवतः घटनास्थल से दूर बैठा सरगना इन्हीं सीसीटीवी कैमरों की मदद से संचालन कर रहा था और तेल की चोरी की जा रही थी। तेल चोरी की रिपोर्ट सोमवार को दी गई थी हालांकि मामला सामने आने के तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई थी लेकिन आरोपी वहां से भाग गए थे। किराये के लिए जो पहचान पत्र खेत के मालिक को दिया गयाए उसकी जानकारी हिसार जाकर जुटाई तो वह फर्जी निकला।

# हरिद्वार में 17 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी से रेप, आरोपी कोच अरेस्ट

हरिद्वार। उत्तराखंड में 28 जनवरी से राष्ट्रीय खेलों की शुरुआत होने वाली हैं। रोशनाबाद स्पोर्ट्स स्टेडियम हरिद्वार में प्रैक्टिस के लिए कई छात्र. छात्राएं आई हुई है। ऐसे में हरिद्वार के सिडकुल थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय नाबालिग खिलाड़ी ने अपने कोच पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है।पीड़िता के पिता ने महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल को फोन पर जानकारी दी है कि उनकी बेटी 30 अन्य खिलाड़ियों के साथ प्रैक्टिस के लिए रोशनाबाद गई थी जहां उनके कोच ने कमरे में बुलाकर उनकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है।पीड़िता के पिता से वार्ता के तुरंत बाद मामले में उत्तराखंड रा’य महिला आयोग की अध्यक्ष कंडवाल ने संज्ञान लिया है। उक्त घटना के संज्ञान में आने पर रा’य महिला आयोग की अध्यक्ष ने कहा कि यह बहुत ही निंदनीय घटना हैए उन्होंने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ;एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल से फोन पर वार्ता की तथा उक्त घटना में कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी कीमत पर इस निन्दनीय घटना के आरोपी को बख्शा नही जाना चाहिए। उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने जिला क्रीड़ा अधिकारी को मामले में गंभीर जांच के निर्देश दिए है।उन्होंने कहा कि आज सरकार बेटियों को खेलों में बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही है और ऐसे में यदि इस तरह मानसिकता वाले कोच खिलाड़ियों के साथ शर्मनाक हरकत करेंगे तो उनके विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।एसएसपी प्रमेन्द्र डोभाल ने बताया कि पीड़िता द्वारा सिडकुल थाने में शिकायत दर्ज कराने के उपरांत ही पुलिस द्वारा किशोरी को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। पीड़िता का जिला अस्पताल में स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। आरोपी कोच को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।वहीं महिला आयोग की अध्यक्ष कण्डवाल ने कहा कि महिला आयोग सरकार का अभिन्न अंग है और किसी भी बेटी के साथ कुछ भी गलत होता है तो आयोग मामले में तुरंत कारवाई करता है। आज प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में महिला सुरक्षा को लेकर कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। रा’य महिला आयोग भी महिलाओं की सुरक्षा को लेकर तमाम कदम उठा रहा है। ऐसे में कोई भी आरोपी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

# भीलवाड़ा में ट्रक जब्त कर 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद

भीलवाड़ा। राजस्थान में भीलवाड़ा जिले के पंडेर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक ट्रक को जब्त कर 30 लाख रुपए की अंग्रेजी शराब बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य ने बताया कि थाना प्रभारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान जहाजपुर की ओर से आए ट्रक चालक को रुकने का इशारा किया। ट्रक में दो लोग सवार थे। पूछताछ करने पर चालक ने खुद को हरियाणा के पलवल जिले के अजिजाबाद निवासी सारूक खान एवं खलासी ने हरियाणा के ही नूह जिले के सुदाका निवासी मोहम्मद शौकीन बताया। पुलिस ने ट्रक की तलाशी ली। ट्रक के केबिन और ट्रक बॉडी के दो भागों में शराब के 229 कार्टन मिले जिनमें 11 प्रकार



की अंग्रेजी शराब थी। इस शराब की कीमत 30 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने अवैध परिवहन के कारण शराब सहित ट्रक जब्त कर चालक और खलासी को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया।

# अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के घर से हीरे के आभूषण नकदी चोरी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री पूनम ढिल्लों के घर से एक लाख रुपए मूल्य की हीरे की इयररिंगए 35 हजार रुपए नकद और 500 डॉलर चोरी करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि आरोपी समीर अंसारी त्योहारी सीजन के दौरान अभिनेत्री के घर पर पेंटिंग करने वाले कर्मियों में शामिल था। उसने काम के दौरान अलमारी का लॉक खुला हुआ देखा तो उसने मौके का फायदा उठाकर बहुमूल्य गहने और कीमती सामान चुरा लिए।उन्होंने बताया कि अंसारी को सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उसने पूनम के आवास की पेंटिंग करने वाली टीम के अन्य सदस्यों को पार्टी देने के लिए चोरी किए करीब नौ हजार रुपए खर्च कर दिए हैंए लेकिन उससे अन्य कीमती गहने और 25 हजार रुपए नकद 500 डॉलर तथा हीरे की बाली बरामद कर ली। चोरी का पता तब चला जब अभिनेत्री का पुत्र अनमोल पांच जनवरी को दुबई से लौटा जिसके बाद उनके मैनेजर संदेश चौधरी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पूनम ज़्यादातर समय अपने जुहू वाले घर में रहती हैंए जबकि उनका पुत्र कभी.कभी खार वाले आवास में रहता है। पुलिस ने बताया कि अंसारी को भारतीय न्याय संहिता ;बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ़्तार किया गया है और इस मामले की जांच जारी है।




## बांदीकुई में बोरिंग की गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत

दौसा। राजस्थान में दौसा के बांदीकुई थाना क्षेत्र में बोरिंग वाली गाडी की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई।पुलिस ने बताया कि बुधवार रात बांदीकुई में मुंकुदपुरा चोराहा पर बोरिंग वाली मशीन की गाड़ी और मोटरसाईकिल की टक्कर हो गई। हादसे में बालाहेडी निवासी मनीष मीणा ;29 एवं अजय मीणा ;31की मौत हो गई।घटना में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शवों को बांदीकुई अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने गुरूवार को मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## अलवर में राजस्व अपील अधिकरण का वरिष्ठ सहायक डेढ़ लाख की रिश्वत लेते अरेस्ट

जयपुर। राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने गुरुवार को अलवर में राजस्व अपील अधिकरण का वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र मीणा को एक मामले में डेढ़ लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।ब्यूरो के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अलवर.प्रथम इकाई को परिवादी ने शिकायत की कि स्कूल समिति की नाम से क्रयशुदा खातेदारी भूमि पर राजस्व मण्डल अजमेर एवं राजस्व अपील अधिकरण ;आरएए के स्थगन आदेश को हटवाने की एवज में वरिष्ठ सहायक जितेन्द्र मीणा एक लाख 50 हजार रुपए रिश्वत मांग रहे है। इस पर एसीबी जयपुर के उपमहानिरीक्षक अनिल कयाल के सुपरवीजन में एसीबी की अलवर.प्रथम इकाई के उपाधीक्षक महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज ब्यूरो टीम ने ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी जितेन्द्र मीणा को परिवादी से एक लाख 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।



## सरपंच एवं पंचायत सचिव रिश्वत लेते रंगे हाथों अरेस्ट

चित्तौड़गढ़। राजस्थान में चित्तौड़गढ़ में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ;एसीबी ने गुरुवार को सरपंच और सचिव को 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ विक्रम सिंह ने बताया कि परिवादी ठेकेदार ने ब्यूरो की चित्तौड़गढ़ इकाई में शिकायत की थी कि चित्तौड़गढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सहनवा में उसने निर्माण कार्य किया है जिसके बकाया सात लाख 46 हजार रुपये के बिल पास करने की एवज में सरपंच भैरुलाल सुथार और ग्राम विकास अधिकारी ;सचिव दीपक चतुर्वेदी 70 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहे हैं।उन्होंने बताया कि सत्यापन के बाद ब्यूरो के दल ने जाल बिछाकर सरपंच भैरूलाल और सचिव दीपक चतुर्वेदी को सुबह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के बाहर ठेकेदार से 70 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार कर लिया।



## सेना भर्ती रैली फरवरी 2025 के प्रवेश पत्र जारी

बीकानेर। राजस्थान में सेना भर्ती कार्यालय झुंझुनू द्वारा बीकानेर में एक से नौ फरवरी तक आयोजित की जाने वाली सेना भर्ती रैली के लिए ऑनलाइन लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।कर्नल विकास सिरोही ने गुरुवार को बताया कि अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र सेना की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट अथवा ई.मेल पर लॉगइन करके प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

# शाओमी इंडिया ने रेडमी 14सी 5जी को बाज़ार में उतारा

जयपुर। स्मार्टफोन ब्रांड शाओमी इंडिया ने बजट स्मार्टफ़ोन सेगमेंट में इनोवेशन के मायने को बदलते हुए रेडमी 14सी 5जी के ग्लोबल लॉन्च की घोषणा की हैं। कंपनी ने यहां मंगलवार को मीडिया को बताया कि रेडमी14सी 5जी को बाज़ार में उतारा हैं और यह 10 जनवरी से एमआईडाटकाम, अमेजनडाटइन, फ्लीपकार्ट और अधिकृत शाओमी रिटेल पार्टनर्स पर उपलब्ध होगा। 4जीबी प्लस 64जीबी वेरिएंट की कीमत 9999 रुपए 4जीबी प्लस 128जीबी वेरिएंट की कीमत 10 हजार 999 रुपए और जीबी प्लस 128जीबी वैरिएंट के लिए 11 हजार 999 रुपए होगी।रेडमी 14सी भारतीय ग्राहकों की लगातार बदल रही जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार हैए जिसे अत्याधुनिक फीचर्स और उम्दा परफॉरमेंस के साथ 5जी कनेक्टिविटी की सुविधा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रेडमी नोट 14 5जी सीरीज़ की सफलता रेडमी 14सी 5जी के लॉन्च को और भी शानदार बनाती हैं जिसने भारत में सिर्फ़ दो हफ़्तों में एक हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त करके बेमिसाल उपलब्धि हासिल की है जो ब्रांड पर ग्राहकों के अटूट भरोसे और प्यार को दर्शाता है।




रेडमी 14सी 5जी खूबसूरती और इनोवेशन का बेजोड़ संगम है। इसमें 600 निट्स की अधिकतम ब्राइटनेस के साथ 17.5 सेमी ;6.88 इंच का एचडी प्लस डॉट ड्रॉप डिस्प्ले लगाया गया है जो स्ट्रीमिंग गेमिंग या ब्राउज़िंग के दौरान जीवंत और तल्लीनता से देखने का अनुभव प्रदान करता है। इस डिवाइस में 4एनएम आर्किटेक्चर पर बना स्नैपड्रगन 4 जेन 2 5जी प्रोसेसर लगाया गया है जो बेहतर कार्यक्षमता और प्रदर्शन सुनिश्चित करता है।12जीबी रैम ;6जीबी प्लस 6जीबी एक्सटेंडेड और 128जीबी यू एफ़एस 2०2 स्टोरेज वाले इस डिवाइस में मल्टीटास्किंग गेमिंग और ऐप नेविगेशन को संभालना बेहद आसान है। इसके अलावा इसका माइक्रोएसडी कार्ड स्लॉट 1टीबी तक एक्सपेंडेबल स्टोरेज को सपोर्ट करता है और इस तरह अपनी ज़रूरतों के लिए भरपूर स्पेस की सुविधा मिलती है।

## आसाराम बापू को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक मिली अंतरिम जमानत



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के स्वयंभू संत आसाराम बापू को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी।न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं।पीठ ने 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत देते हुए इस दौरान लगाई गई शर्तों का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए संकेत दिया कि जमानत अवधि समाप्त होने की तारीख के आसपास आसाराम की चिकित्सा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है।

## नृत्यधारा स्कूल आफ डांस के विद्यार्थियों ने मथुरा में जीते कई पुरुस्कार

अजमेर। उत्तर प्रदेश के मथुरा में आयोजित कृष्ण रंग महोत्सव 2025 में 4 से 6 जनवरी तक आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में विभिन्न रा'यों के कलाकारों ने भाग लिया।अजमेर शहर की नृत्यधारा स्कूल आफ डांस के विद्यार्थियों ने भी इसमें अपनी कला का प्रदर्शन कर पुरुस्कार प्राप्त किए।जूनियर एकल नृत्य कत्थक में जीविका प्रथम व अनन्या दूसरे स्थान पर रहीं। सीनियर एकलनृत्य में अक्षरा बंक प्रथम स्थान पर रहीं। उपशास्त्रीय नृत्य में ख्वाहिश प्रथम स्थान पर व जाह्नवी तृतीय स्थान पर रहीं।सभी विद्यार्थियों को नृत्य की शिक्षा विरेन्द्र सिंह चौहान प्रदान कर रहे हैंए जो अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय मुंबई से कत्थक विशारद व रजिस्टर्ड शिक्षक हैं।



## अंशु बंसल अध्यक्ष सरोज बंसल सचिव बनी



अजमेर। महाराजा अग्रसेन महिला समिति 2025 की नवीन कार्यकारिणी संरक्षक अंजू पंसारी नीलू गुप्ता कमलेश मंगल और मीनू मित्तल की उपस्थिति में घोषित की गई जिसमें अध्यक्ष अंशु बंसल, सचिव सरोज बंसल, कोषाध्यक्ष आशा अग्रवाल को नियुक्त किया गया। उपाध्यक्ष प्रिया मंगल सहसचिव पूनम खेतावत को बनाया गया। दीपिका श्रीया, सुनीता बंसल विशेष कार्यकारिणी सदस्य एवं ऊषा बंसल नीतू पालीवाल, दीप्ति गोयल, अनिता बंसल, ज्योति गर्ग, माला गुप्ता नशा गर्ग एवं विनीता अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किए गए।

# NABARD's Grameen Bharat Mahotsav Highlights Empowerment of Rural Women and Rural Entrepreneurs

At Stall 59 of the Grameen Bharat Mahotsav 2025, the inspiring journey of Mangal Leima Self-Help Group (SHG) unfolds-a venture rooted in Khangabok village, Manipur. Founded in 2014 by Laishram Sharmila Devi, this initiative started modestly with a handful of women and has since grown to empower over 4,000 women artisans today. With financial and skill-development support from NABARD, Mangal Leima SHG has become a beacon of self-reliance and creativity, producing a diverse range of handcrafted products, including bags, gift baskets, boxes, cases, and home dcor items, all made from Kouna, a locally sourced swamp reed native to the Thoubal District. Organized into 14 women-led SHGs, members earn an average monthly income of Rs. 12,000, showcasing the transformative potential of sustainable entrepreneurship and community-driven efforts.Empowering Women Through Craftsmanship: The Story of Mangal Leima SHG



Hodi Craft, started by Nazeer in 2015, and at stall 49 at the Grameen Bharat Mahotsav 2025, brings the rich heritage of Nicobar Islands to life with handcrafted artifacts and decor in coconut shells, bamboo, and natural fibers. From six artisans from each of 12 villages, the initiative has now blossomed into a symbol of tradition and craftsmanship.

Hodi Craft, which has recently been accorded a GI tag with NABARDs support for specializing in Hinpon artifacts inspired by traditional boats, chatais, baskets, and hats, has provided the artisans with a stable monthly income of Rs. 9,000 and has promoted economic resilience while sustaining the identity of the Nicobari. Nazeer wishes to expand Hodi Craft throughout India to spread the artistry and heritage of Nicobar to a wider populace.

Hodi Craft: Preserving Tradition and Craftsmanship from Nicobar IslandsViraasat Back to Roots Handicraft Producer Company from Raipur Rani block of Panchkula, Haryana, set up in 2022 with the support of NABARD Haryana and displayed at Stall 140, stands for the craftsmanship of 310 members, including 94 men. Led by Founder and Director Mustaq Ali, the artisans create a diverse range of handmade products such as dhurries, yoga mats, doormats, bed side runners, wall hangings and Japanese amigurumi toys.Handmade Dhurrie Producer Company: Preserving the art of traditional dhurrie makingUsing traditional looms, including the durable "Pit Loom," which enables intricate weaving with pedal operations.



अजमेर के राजकीय जनाना अस्पताल में पीने के पानी को तरसते मरीज वाटर कूलर का हाल बेहाल।

# अजमेर से 10 हजार थाली 10 हजार थैले प्रयागराज महाकुंभ के लिए भेजे


अजमेर। प्रयागराज महाकुंभ में पर्यावरण रक्षा के लिए एक थैली एक थैला अभियान के निमित 10 हजार थालीए दस हजार थैले एवं 5 हजार गिलास मंगलवार को अजमेर से रवाना किए। चित्तौड़ प्रांत के प्रांत संघचालक ने इस सामग्री की गाड़ी को भगवा पताका दिखाकर रवाना किया। अजमेर विभाग के पर्यावरण गतिविधि संयोजक निरंजन शर्मा ने बताया कि कुंभ मेले में 40 करोड़ से अधिक लोगों के आने तथा इससे वहां कचरे के पहाड़ लग जाने की संभावना को देखते हुए संघ की पर्यावरण गतिविधि ने यह अभियान अपने हाथ में लिया। इस अभियान में अजमेर की जनता के सहयोग से स्टील की थाली एवं कपड़े के हस्त निर्मित थैले बनवाए गए। यह अपने आप में स्वरोजगार का अनुपम उदाहरण भी बना। महाकुंभ में 21 लाख लोगों को आरएसएस देगा एक थाली.एक थैला योजना में सहभागिता निभाते हुए अजमेर से भी सामग्री रवाना की गई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन पर विशेष काम कर रहा है। जिसमें पर्यावरण एवं स्वदेशी के दो विषय भी प्रमुख हैं। इसी कड़ी में महाकुंभ को कचरा मुक्त बनाने की मुहिम छेडी गई है। इसके लिए संघ ने देशभर में एक थाली-एक थैला अभियान शुरू किया। प्रयागराज को गंदगी मुक्त बनाने के लिए इस अभियान में देश से 21 लाख थाली एवं थैले एकत्रित किए जा रहे हैं। संघ का उद्देश्य है कि 13 जनवरी को महाकुंभ का शुभारंभ होने के पूर्व प्रयागराज में एकत्रित सामग्री पहुंच जाए इसीलिए अजमेर से गाड़ी को पूजन के बाद झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रकाश राजपुरोहित ने किया। कार्यक्रम में सेवा भारती एवं विश्व हिंदू परिषद के साथ पर्यावरण प्रेमी सुनील दत जैन, मनीष ग्वालिनी, राजेंद्र लालवानी, विकास



पराशर, जितेंद्र शेखावत, लेखराज सिंह राठौड़, संदीप गोयल, रामचरण बंसल, अमित जैन, पंडित लोकेंद्र दत्त शर्मा कमलेंद्र, मोहनलाल खंडेलवाल तथा अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन कि नमिता खंडेलवाल, डॉ रेणु गुप्ता,सुनीता खंडेलवाल, उषा गुप्ता समेत बडी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

## जन्नती दरवाजा बंद, ख्वाजा साहब के 813वें उर्स का समापन



अजमेर। विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 813वें उर्स की छठी के दिन मंगलवार को गरीब नवाज की खिदमत एवं जन्नती दरवाजे के बंद होने के बाद औपचारिक समापन हो गया।उर्स की छठी पर ख्वाजा की दरगाह में जायरीनों का सैलाब उमड़ पड़ा और लोगों के पवित्र मजार पर चादर पेश करने का सिलसिला जारी रहा। उर्स में पाकिस्तान जायरीनों का जत्था भी अजमेर पहुंचा और उन्होंने पाकिस्तान सरकार और अवाम की तरफसे ख्वाजा साहब की मजार पर चादर पेश कर शांति एवं अमन चैन की दुआ की।उर्स की छठी के मौके पर कुरान खानी के बाद कुल की महफ़िल सुबह करीब नौ बजे हुई। इसके बाद दरगाह दीवान सैयद जैनुअल आबेद्दिन महफिल से उठकर जन्नती दरवाजा होते हुए आस्ताने पहुंचे जहां कुल की फातिहा की गई और ख्वाजा गरीब नवाज की मजार खिदमत के बाद जन्नती दरवाजा बंद कर दिया गया।इसी के साथ उर्स का औपचारिक समापन हो गया। हालांकि उर्स में जायरीन का आना जारी रहेगा और दस जनवरी को बड़े कुल की रस्म होगी। शुक्रवार को बड़े कुल की रस्म और जुम्मे की नमाज एक ही दिन होगी। इस दिन जायरीन का सैलाब उमड़ने की संभावना हैं।उर्स पर सोमवार देर रात ही दरगाह में कुल के छींटे लगाने की रस्म शुरु हो गई और जायरीनों ने रात में दरगाह की दीवारों को गुलाब जल और केवड़े से धोया गया और कुल के छींटे लगाने के लिए दरगाह में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। दरगाह और दरगाह के आसपास एक किलोमीटर तक तमाम रास्ते और गलियां जायरीनों से खचाखच भरी रही। कुल के छींटे देने का क्रम मंगलवार दोपहर तक जारी रहा और दरगाह के खादिमों ने छठी पर कुल की रस्म अदा की।

**प्रयागराज भेजे 40000 थाली 40000 गिलास**

## समाज के सक्रिय सहयोग से इस बार होगा हरित कुंभ -डॉ रमेश अग्रवाल

जयपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के क्षेत्रीय संघ चालक डॉ रमेश अग्रवाल ने कहा है कि प्रयागराज का कुंभ हरित कुंभ होने जा रहा है समाज के सहयोग से ही यह ऐतिहासिक कार्य होने जा रहा है। डॉ अग्रवाल गुरुवार को मुरलीपुरा स्कीम सर्किल पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर प्रांत की ओर से समाज से एकत्र 40 हजार थाली 40 हजार गिलास और थैले से भरे ट्रक को रवाना करते समय बोल रहे थे।उन्होंने आह्वान किया कि जो भी लोग कुंभ में जाना चाहते हैं वे कृपया अपने साथ एक थाली, गिलास और थैला अवश्य लेकर जाएं। भोजन के दौरान इन्हीं का उपयोग करें। डिस्पोजल थाली और गिलास का उपयोग नहीं करें। ऐसा करके हम करोड़ों टन कचरा एकत्र होने से बचा सकेंगे और विश्व को हम इस छोटे से कार्य से एक अच्छा संदेश दे सकेंगे। डॉ अग्रवाल ने आगे कहा कि पर्यावरण हित में हमें घर पर भी सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करना चाहिए। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं अपना संस्थान जयपुर के प्रांत संयोजक अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कुंभ में जयपुर से 30 हजार और पूरे राजस्थान से एक लाख से अधिक थालियां और थैले भेजे जा चुके हैं। इससे पूर्व गायत्री परिवार के प्रह्लाद शर्मा, विद्याधर शर्मा, रामेश्वर चौधरी, रेणु पाटोदिया, भूपेन्द्र शर्मा ने बसंतानंद महाराज के सान्निध्य में गणेश पूजन करके स्वस्तिवाचन किया। उपस्थित लोगों ने जयकारों के साथ ट्रक को रवाना किया।




**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 9887907277, 7737385114

Email ID

sabgurunews@gmail.com

अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.

जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.




## जेएलएन में व्हील चेयर उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

अजमेर। जेएलएन चिकित्सालय में व्हील चेयर उपलब्ध कराने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेन्द्र कुमार ढ़ाबी के द्वारा निर्देश प्रदान किए गए। सभी जरूरतमंदों को ट्रॉली.व्हील चेयर उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में अधीक्षक जेएलएन अस्पताल से जानकारी मांगी।सचिव द्वारा भण्डार में संसाधनों की उपलब्धता होते हुए भी आमजन को हो रही परेशानी के संबंध में नाराजगी व्यक्त की एवं निःशक्तजनों के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के लिए काउंटर लगाने एवं ट्रॉली उपलब्ध कराने के लिए साइन बोर्ड लगाने के भी निर्देश प्रदान किए गए।






स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277 (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अजमेर रहेगा)